महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विश्वविद्यालय और बैंक ऑफ इंडिया मिलकर आयोजित करेंगे अंतरराष्ट्रीय राजभाषा संगोष्ठी

10-11 जनवरी 2027 को होगा आयोजन, नराकास वर्धा की बैठक में लिया निर्णय

वर्धा, 13 अक्टूबर 2026: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा और बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 10 एवं 11 जनवरी 2027 को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय राजभाषा संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह निर्णय मंगलवार को कुलपति कार्यालय के संवाद कक्ष में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), वर्धा की छमाही बैठक में लिया गया। बैठक की

अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने की। बैंक ऑफ इंडिया की सहायक महाप्रबंधक, राजभाषा मऊ मैत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकात्मता की सशक्त अभिव्यक्ति है। सरकारी कार्यालयों में हिंदी का सहज एवं प्रभावी प्रयोग बढ़ाने के साथ इसे ज्ञान, तकनीक और वैश्विक विमर्श की भाषा के रूप में विकसित करना आवश्यक है। प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी इस दिशा में सार्थक भूमिका निभाएगी।

बैंक ऑफ इंडिया की सहायक महाप्रबंधक, राजभाषा मऊ मैत्रा ने कहा कि बैंकों और केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का प्रभावी क्रियान्वयन संस्थागत दायित्व है। ऐसे संयुक्त आयोजन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा राजभाषा संबंधी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं।

बैठक में वर्धा, पुलगांव, देवली स्थित केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों के प्रमुखों एवं राजभाषा प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक का संचालन नराकास वर्धा के सदस्य सचिव राजेश कुमार यादव ने किया।

हिंदी विद्यापीठ आणि बँक ऑफ इंडिया संयुक्तपणे आयोजित करणार आंतरराष्ट्रीय राजभाषा संगोष्ठी

१० व ११ जानेवारी २०२७ रोजी आयोजन : नराकास वर्धाच्या बैठकीत झाला निर्णय

वर्धा, १३ ऑक्टोबर २०२६ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठ, वर्धा आणि बँक ऑफ इंडिया यांच्या संयुक्त विद्यमाने १० व ११ जानेवारी २०२७ रोजी दोन दिवसीय आंतरराष्ट्रीय राजभाषा संगोष्ठीचे आयोजन करण्यात येणार आहे. मंगळवारी कुलगुरू कार्यालयातील संवाद कक्षात आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिती (नराकास), वर्धा यांच्या सहामाही बैठकीत हा निर्णय घेण्यात आला. विद्यापीठाच्या कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी बैठकीचे अध्यक्षस्थान भूषविले. बँक ऑफ इंडियाच्या राजभाषा विभागाच्या सहायक महाव्यवस्थापक मऊ मैत्रा या बैठकीला विशेष उपस्थित होत्या.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा म्हणाल्या की, हिंदी ही केवळ संवादाची भाषा नसून देशाची सांस्कृतिक चेतना आणि राष्ट्रीय एकात्मता यांची सशक्त अभिव्यक्ती आहे. सरकारी कार्यालयांमध्ये हिंदीचा सहज आणि प्रभावी वापर वाढविण्यासोबतच ज्ञान, तंत्रज्ञान आणि जागतिक विचार विनिमयाची भाषा म्हणून तिचा विकास करणे आवश्यक आहे. प्रस्तावित आंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी या दिशेने महत्त्वपूर्ण भूमिका बजावेल.

बँक ऑफ इंडियाच्या राजभाषा विभागाच्या सहायक महाव्यवस्थापक मऊ मैत्रा म्हणाल्या की, बँका आणि केंद्र सरकारच्या कार्यालयांमध्ये राजभाषा हिंदीची प्रभावी अंमलबजावणी करणे ही संस्थात्मक जबाबदारी आहे. अशा संयुक्त उपक्रमांमुळे अधिकारी आणि कर्मचाऱ्यांना हिंदीतून काम करण्यासाठी प्रोत्साहन मिळते, तसेच राजभाषेच्या अंमलबजावणीशी संबंधित उत्तम कार्यपद्धतींची देवाणघेवाण करण्याची संधी उपलब्ध होते.

या बैठकीत वर्धा, पुलगाव आणि देवळी येथील केंद्र सरकारच्या विविध कार्यालयांचे प्रमुख आणि राजभाषा प्रभारी सहभागी झाले होते. नराकास वर्धाचे सदस्य सचिव राजेश कुमार यादव यांनी बैठकीचे संचालन केले.

Hindi University and Bank of India to Jointly Organize International Official Language Seminar

Wardha, October 13, 2026: Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha, and Bank of India will jointly organize a two-day International Official Language Seminar on January 10 and 11, 2027. The decision was taken at the half-yearly meeting of the Nagar Rajbhasha Implementation Committee, Wardha, held on Tuesday in the conference room of the Vice-Chancellor's Office. The meeting was chaired by Prof. Kumud Sharma, Vice-Chancellor of the University. Mau Maitra, Assistant General Manager (Official Language), Bank of India, was present on the occasion.

Vice-Chancellor Prof. Kumud Sharma stated that Hindi is not merely a language of communication but also a powerful expression of the country's cultural consciousness and national unity. Effective use of Hindi in government offices, it is essential to develop it as a language of knowledge, technology, and global discourse. The proposed international seminar will play a meaningful role in this direction.

Mau Maitra, Assistant General Manager (Official Language), Bank of India, said that the effective implementation of Hindi as the official language in banks and central government offices is an institutional responsibility. Such joint initiatives encourage officers and employees to work in Hindi and provide an opportunity to exchange best practices related to the implementation of the official language.

Heads of various central government offices and official language officers from Wardha, Pulgaon, and Deoli participated in the meeting. The meeting was conducted by Rajesh Kumar Yadav, Member Secretary of the committee.